**Series PPQQA/1**

**SET~2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **30/1/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

BE FAIR BE FAIR BE FAIR

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **11** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **14** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# गणित (मानक)

# MATHEMATICS (STANDARD)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*



ZOLLEGE.in

## *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **14** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख** तथा **ग** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में **6** प्रश्न (प्र.सं. **1** से **6**) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है । **दो** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में **4** प्रश्न (प्र.सं. **7** से **10**) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । **एक** प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में **4** प्रश्न (प्र.सं. **11** से **14**) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है । **एक** प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है । इस खण्ड में दो प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न भी शामिल हैं ।*

*(vi)* *कैल्कुलेटर के उपयोग की अनुमति **नहीं** है ।*

### खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **6** तक प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।*

**1.** निम्न बारंबारता बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए : 2

| *वर्ग* | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|
| *बारंबारता* | 15 | 10 | 12 | 17 | 4 |

**2.** दो संकेंद्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ 4 सेमी तथा 3 सेमी हैं । बड़े वृत्त की उस जीवा की लम्बाई ज्ञात कीजिए जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती हो । 2

**3.** (क) समांतर श्रेढ़ी : – 30, – 24, – 18, ..... के प्रथम 30 पदों का योगफल ज्ञात कीजिए । 2

**अथवा**

(ख) एक समांतर श्रेढ़ी में यदि $S_n = n\,(4n + 1)$ है, तो समांतर श्रेढ़ी ज्ञात कीजिए । 2

**4.** मॉडल बनाने वाली मिट्टी से, ऊँचाई 28 सेमी तथा आधार त्रिज्या 7 सेमी वाला एक शंकु बनाया गया है । एक बच्चे ने इसे गोले के आकार में बदल दिया । गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए । 2



ZOLLEGE.in

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **14** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *This question paper is divided into **three** sections – **Sections A**, **B** and **C**.*

*(iii)* ***Section A** comprises of **6** questions (Q.no. **1** to **6**) of **2** marks each. Internal choice has been provided in **two** questions.*

*(iv)* ***Section B** comprises of **4** questions (Q.no. **7** to **10**) of **3** marks each. Internal choice has been provided in **one** question.*

*(v)* ***Section C** comprises of **4** questions (Q.no. **11** to **14**) of **4** marks each. Internal choice has been provided in **one** question. It also contains two case study based questions.*

*(vi)* *Use of calculator is **not** permitted.*

## SECTION A

*Question numbers **1** to **6** carry **2** marks each.*

**1.** Find the mode of the following frequency distribution : *2*

| *Class* | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 15 | 10 | 12 | 17 | 4 |

**2.** Two concentric circles are of radii 4 cm and 3 cm. Find the length of the chord of the larger circle which touches the smaller circle. *2*

**3.** (a) Find the sum of first 30 terms of AP : – 30, – 24, – 18, ..... . *2*

**OR**

(b) In an AP if $S_n = n(4n + 1)$, then find the AP. *2*

**4.** A cone of height 28 cm and radius of base 7 cm is made up of modelling clay. A child reshapes it in the form of a sphere. Find the radius of the sphere. *2*



ZOLLEGE.in

5. (क) m के किस मान के लिए द्विघात समीकरण

$$(m-1)x^2 + 2(m-1)x + 1 = 0$$

के दो बराबर और वास्तविक मूल होंगे ? *2*

**अथवा**

(ख) निम्न द्विघात समीकरण को, x के लिए हल कीजिए : *2*

$$\sqrt{3}x^2 + 10x + 7\sqrt{3} = 0$$

6. रेहान की 5 वर्ष पूर्व आयु (वर्षों में) तथा अब से 7 वर्ष उपरान्त उसकी आयु का गुणनफल उसकी वर्तमान आयु के दो गुने से एक अधिक है । उसकी वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए । *2*

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **7** से **10** तक प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।*

7. (क) एक मीनार के पाद-बिंदु से एक भवन के शिखर का उन्नयन कोण 30° है और भवन के पाद-बिंदु से मीनार के शिखर का उन्नयन कोण 60° है । यदि मीनार 50 मी. ऊँची है, तो भवन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) एक नदी के पुल के एक बिंदु से नदी के सम्मुख किनारों के अवनमन कोण क्रमशः 30° और 45° हैं । यदि पुल किनारों से 3 मी. की ऊँचाई पर हो, तो नदी की चौड़ाई ज्ञात कीजिए । *3*

8. किसी कम्पनी के 30 कर्मचारियों के खाने के दैनिक खर्च निम्न हैं :

| *दैनिक खर्च (रुपयों में)* | *कर्मचारियों की संख्या* |
|---|---|
| 100 – 120 | 8 |
| 120 – 140 | 3 |
| 140 – 160 | 8 |
| 160 – 180 | 6 |
| 180 – 200 | 5 |

कर्मचारियों का माध्य दैनिक खर्च ज्ञात कीजिए । *3*



ZOLLEGE.in

**5.** (a) Find the value of m for which the quadratic equation

$$(m-1)x^2 + 2(m-1)x + 1 = 0$$

has two real and equal roots. *2*

**OR**

(b) Solve the following quadratic equation for x : *2*

$$\sqrt{3}\,x^2 + 10x + 7\sqrt{3} = 0$$

**6.** The product of Rehan's age (in years) 5 years ago and his age 7 years from now, is one more than twice his present age. Find his present age. *2*

## SECTION B

*Question numbers **7** to **10** carry **3** marks each.*

**7.** (a) The angle of elevation of the top of a building from the foot of the tower is 30° and the angle of elevation of the top of the tower from the foot of the building is 60°. If the tower is 50 m high, then find the height of the building. *3*

**OR**

(b) From a point on a bridge across a river, the angles of depression of the banks on opposite sides of the river are 30° and 45° respectively. If the bridge is at a height of 3 m from the banks, then find the width of the river. *3*

**8.** Following is the daily expenditure on lunch by 30 employees of a company :

| *Daily Expenditure (in Rupees)* | *Number of Employees* |
|---|---|
| 100 – 120 | 8 |
| 120 – 140 | 3 |
| 140 – 160 | 8 |
| 160 – 180 | 6 |
| 180 – 200 | 5 |

Find the mean daily expenditure of the employees. *3*



ZOLLEGE.in

**9.** यदि निम्नलिखित आँकड़ों का माध्यक 33 है, तो m का मान ज्ञात कीजिए : *3*


| *वर्ग* | 0 – 15 | 15 – 30 | 30 – 45 | 45 – 60 | 60 – 75 | 75 – 90 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *बारंबारता* | 17 | 35 | 40 | 18 | m | 2 |

**10.** 5 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त पर ऐसी दो स्पर्श-रेखाओं की रचना कीजिए, जो परस्पर 60° के कोण पर झुकी हों । *3*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **11** से **14** तक प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं ।*

**11.** आकृति 1 में समकोण त्रिभुज ABC में, $\angle B = 90°$, AB = 12 सेमी तथा BC = 5 सेमी है । त्रिभुज ABC के अन्तर्गत खींचे गए वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए । *4*




*आकृति 1*



ZOLLEGE.in

9. If the median of the following data is 33 then, find the value of m : *3*

| *Class* | 0 – 15 | 15 – 30 | 30 – 45 | 45 – 60 | 60 – 75 | 75 – 90 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 17 | 35 | 40 | 18 | m | 2 |

10. Construct a pair of tangents to a circle of radius 5 cm, which are inclined to each other at an angle of 60°. *3*

## SECTION C

*Question numbers **11** to **14** carry **4** marks each.*

11. In Figure 1, a right triangle ABC in which ∠ B = 90°, AB = 12 cm and BC = 5 cm is shown. Find the radius of the circle inscribed in the triangle ABC. *4*





*Figure 1*



ZOLLEGE.in

**12.** (क) ऊँचाई 30 सेमी तथा त्रिज्या 7 सेमी वाले एक ठोस बेलन में से 24 सेमी ऊँचाई तथा इसी त्रिज्या वाला एक शंक्वाकार खोल काटकर निकाल लिया जाता है । शेष बचे ठोस का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । *4*

**अथवा**


(ख) 8 मी. चौड़ी तथा 6 मी. गहरी एक नहर में पानी 12 किमी/घंटे की चाल से बह रहा है । 1 घंटे में यह नहर कितने क्षेत्रफल की सिंचाई कर पाएगी, यदि सिंचाई के लिए 0·05 मी. अप्रवाही पानी की आवश्यकता होती है ? *4*

ZOLLEGE.in

**प्रकरण अध्ययन – 1**

**13.** गणित में संबंधों को कई प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है । माचिस की तीलियों से बनाए गए पैटर्न रेखीय संबंधों पर आधारित हैं । अलग-अलग आकृतियों में प्रयुक्त माचिस की तीलियों की संख्या ज्ञात करने के लिए भिन्न युक्तियाँ प्रयुक्त की जा सकती हैं ।

एक ऐसा ही पैटर्न नीचे दर्शाया गया है । पैटर्न को ध्यानपूर्वक देखिए तथा समांतर श्रेढ़ी का उपयोग करते हुए निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



*आकृति 1* *आकृति 2* *आकृति 3*

(क) आकृतियों में प्रयुक्त त्रिभुजों की संख्या को दर्शाने वाली एक समांतर श्रेढ़ी लिखिए । इस समांतर श्रेढ़ी का nवाँ पद भी लिखिए । *2*

(ख) किस आकृति में 61 माचिस की तीलियों का उपयोग हुआ है ? *2*



ZOLLEGE.in

12. (a) From a solid cylinder of height 30 cm and radius 7 cm, a conical cavity of height 24 cm and same radius is hollowed out. Find the total surface area of the remaining solid. *4*

**OR**

(b) Water in a canal, 8 m wide and 6 m deep, is flowing with a speed of 12 km/hour. How much area will it irrigate in one hour, if 0·05 m of standing water is required ? *4*

### Case Study – 1

13. In Mathematics, relations can be expressed in various ways. The matchstick patterns are based on linear relations. Different strategies can be used to calculate the number of matchsticks used in different figures.

One such pattern is shown below. Observe the pattern and answer the following questions using Arithmetic Progression :




*Figure 1* *Figure 2* *Figure 3*

(a) Write the AP for the number of triangles used in the figures. Also, write the $n^{th}$ term of this AP. *2*

(b) Which figure has 61 matchsticks ? *2*



ZOLLEGE.in

## प्रकरण अध्ययन – 2

**14.** गड़ीसर झील राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित है । इसको जैसलमेर के राजा ने बनवाया था तथा 14वीं शताब्दी में गड़सी सिंह ने इसे दुबारा बनवाया । इस झील में बहुत-सी छतरियाँ बनी हुई हैं । उनमें से एक छतरी को नीचे दर्शाया गया है :




चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए । पानी की सतह से $h$ मी. ऊँचाई पर स्थित बिंदु A से छतरी के शीर्ष (बिंदु B) का उन्नयन कोण 45° है तथा इसी बिंदु से पानी में छतरी के प्रतिबिम्ब (बिंदु C) का अवनमन कोण 60° है । पानी की सतह के ऊपर छतरी की ऊँचाई यदि 10 मी. हो, तो

(क) उपर्युक्त सूचना के आधार पर अच्छी प्रकार से अंकित एक आकृति खींचिए । *2*

(ख) पानी की सतह से बिंदु A की ऊँचाई ($h$) ज्ञात कीजिए ।
($\sqrt{3}$ = 1·73 का प्रयोग कीजिए) *2*




ZOLLEGE.in

## Case Study – 2

**14.** Gadisar Lake is located in the Jaisalmer district of Rajasthan. It was built by the King of Jaisalmer and rebuilt by Gadsi Singh in $14^{th}$ century. The lake has many Chhatris. One of them is shown below :




Observe the picture. From a point A $h$ m above from water level, the angle of elevation of top of Chhatri (point B) is 45° and angle of depression of its reflection in water (point C) is 60°. If the height of Chhatri above water level is (approximately) 10 m, then

(a) draw a well-labelled figure based on the above information; *2*

(b) find the height ($h$) of the point A above water level.
(Use $\sqrt{3} = 1{\cdot}73$) *2*




ZOLLEGE.in